दहशत | जंगल में मिला शव, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी, वन विभाग ने किया अलर्ट

# शेर ने किया चरवाहे और दो गायों का शिकार





**नवभारत कटंगी।** खैरलांजी वन परिक्षेत्र के कटोरी सर्कल में शेर ने एक चरवाहे सहित दो मवेशियों को अपना शिकार बना लिया। घटना शनिवार की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पांडरवानी, थाना तिरोड़ी निवासी देवकरण पिता श्यामलाल वाघमारे प्रतिदिन की तरह शनिवार को मवेशी चराने जंगल गया था। शाम तक घर न लौटने पर परिजनों और ग्रामीणों ने जंगल में तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

### 2 दिन बाद मिला शव, पास में मरी मिलीं 2 गायें

रविवार को ग्रामीणों ने फिर से तलाश की तो कटोरी सर्कल के कक्ष क्रमांक 809 में देवकरण का शव खून से सना पड़ा मिला। शव के पास ही दो गायें भी मृत अवस्था में मिलीं। आशंका है कि शेर ने पहले मवेशियों पर हमला किया और फिर चरवाहे पर।

### वन विभाग ने दी सहायता राशि

घटना के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों एवं समाजसेवियों ने शासन-प्रशासन से मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। वन विभाग ने तत्काल मृतक के परिजनों को 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि दी गई हैं वहीं 24 घंटे के भीतर 8 लाख का मुआवजा राशि और एक माह के भीतर शासन द्वारा जारी 17 लाख की राशि प्रदान की जाएगी।

### जंगल में अकेले नहीं जाने की सलाह

घटना के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग ने लोगों से जंगल में अकेले न जाने और सतर्कता बरतने की अपील की है।

### पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

घटना की सूचना पर वन विभाग के एसडीओ यशपाल मेहरा, खैरलांजी वन परिक्षेत्र अधिकारी दीपचंद वासनीक कटंगी वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढार, और तिरोड़ी पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए कटंगी भेजा गया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिनका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। तिरोड़ी पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। वहीं वन विभाग ने पीड़ित परिवार को नियम अनुसार सहायता राशि दिलाए जाने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## घर-घर तिरंगा अभियान को हर नागरिक सफल बनाए : पाठक

**नवभारत, बालाघाट।** जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सर्व समाज सेवी राजेश पाठक ने देशवासियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान को जन-जन का अभियान बनाने और इसमें उत्साहपूर्वक सहभागिता करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल देश का राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता, गौरव, त्याग और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह पूरे सम्मान और गरिमा के साथ तिरंगा फहराकर देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी और प्रेम को अभिव्यक्त करे।



राजेश पाठक ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक राष्ट्रव्यापी स्वतंत्रता उत्सव आंदोलन है। इसका उद्देश्य देश के नागरिकों को अपने घरों, कार्यस्थलों और संस्थानों पर गर्व के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करना है।

इस अभियान की शुरुआत वर्ष 2022 में भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत की गई थी। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने देशभर में राष्ट्रीय ध्वज को लेकर लोगों के मन में एक नई भावना और व्यक्तिगत जुड़ाव पैदा किया है।

## महिलाओं ने निकाली परंपरागत पोशाक में कांवड़ यात्रा

**नवभारत, भुआ बिछिया।** हिन्दूओं के पवित्र माह सावन में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महिला मंडल सिझौरा की मातृशक्तियों के द्वारा भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में मातृशक्तियों ने एक जैसी पीली वेषभूषा में हिस्सा लिया। कांवड़ यात्रा का शुभारंभ ढोल बाजे के साथ स्थानीय शिव मंदिर से किया गया जो सोनी मुहल्ला, सिंगरोरे मुहल्ला, बाजार चौक, बस स्टैंड होते हुए शिव मंदिर में सम्पन्न हुआ। पिछले साल की तरह साल भी महिला मंडल



सिझौरा की समस्त मातृशक्तियों का चंदन वंदन, फूल मालाओं से स्वागत ग्राम के प्रतिष्ठित और सामाजिक ताम्रकार परिवार की ओर से सागर से पधारे श्री कैलाश ताम्रकार की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा ताम्रकार के द्वारा किया गया। ग्राम के सामाजिक धार्मिक और राम भक्त अजय ताम्रकार शावी मेडिकल सिझौरा के द्वारा महिला मंडल की मातृशक्तियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

एक नजर में

### मौसम बिसेन पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य नियुक्त



**बालाघाट।** राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1995 तथा संशोधित 2021 की धारा 3(2) के तहत सुश्री मौसम बिसेन को तीन वर्ष अथवा आगामी आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य पद पर नियुक्त किया गया है।

### रामकली दक्ष प्रजापति आर्मी महिला उत्थान विभाग की जिला अध्यक्ष नियुक्त



**नवभारत, घुघरी।** दक्ष प्रजापति आर्मी मध्यप्रदेश के प्रदेश नेतृत्व द्वारा श्रीमती रामकली प्रजापति को महिला उत्थान विभाग, जिला मंडला के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से समाजजनों में हर्ष का माहौल है। संगठन के पदाधिकारियों एवं समाज के वरिष्ठजनों ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं। श्रीमती रामकली प्रजापति की नियुक्ति दक्ष प्रजापति आर्मी मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष आर.एन. प्रजापति, महिला प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती नीलिमा (मालवीय) प्रजापति, संभाग प्रभारी सहदेव मालवीय, जिला प्रभारी आकाश चक्रवर्ती एवं जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र चक्रवर्ती की सहमति से की गई है।

### किरनापुर में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**नवभारत, किरनापुर।** किरनापुर के ग्राम हेटी में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम स्थल से रैली निकालकर चौक चौराहे होते हुए बच्चों द्वारा नृत्य एवं नारों के साथ कार्यक्रम स्थल पर रैली पहुंची। जहां बच्चों द्वारा नृत्य एवं वक्ताओं द्वारा बिरसा मुंडा पर अपने अपने विचार व्यक्त किए गए। वहीं स्कूल के बच्चों द्वारा दसवीं एवं 12वीं में अधिकतम अंक लाने पर समिति द्वारा पारितोषिक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। वक्ताओं ने कहा आदिवासी आबादी के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को विश्व के आदिवासी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है।

## शुक्ला परिवार के घर पहुंचीं कैबिनेट मंत्री उइके

**नवभारत, नैनपुर।** नगर के प्रतिष्ठित एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े शुक्ला परिवार के निवास पर मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके पहुंचीं। उन्होंने पूर्व भाजपा जिला महामंत्री अखिलेश शुक्ला एवं विकास शुक्ला सहित परिवार के सदस्यों से आत्मीय मुलाकात की।

इस दौरान मंत्री उइके ने शुक्ला परिवार द्वारा पूर्व में किए गए सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यों को याद किया। उन्होंने परिवार की माताजी के राष्ट्र एवं समाज के प्रति समर्पण और कृतज्ञता को भी स्मरण किया। इस अवसर पर शुक्ला परिवार ने मंत्री संपतिया



उइके का आत्मीय स्वागत किया इस अवसर पर जिला महामंत्री नरेश चंदौल,अंजनि तिवारी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी नगर मंडल अध्यक्ष राकेश रजक सतेंद्र तिवारी जाहिद खान राहुल चौरसिया, प्रशांत झारिया पुष्पा डोंगरे, ऊषा गोस्वामी,किरण स्वामी, दीपक शर्मा मौजूद रहे।

## नकाबपोश बदमाशों ने पेट्रोल पंप में पिस्तौल अड़ाकर लूटे 93 हजार

कार सवार लुटेरों को तलाशने में जुटी पुलिस

**नवभारत, मंडला।** जिले में सोमवार तड़के पेट्रोल पंप पर एक मिनट में हथियारबंद डकैती की वारदात हुई। रैकी के बाद उसने साथियों को इशारा किया और कुछ ही सेकंड में स्कॉर्पियो से पहुंचे 6-7 बदमाशों ने कर्मचारियों को हथियार दिखाकर धमकाया और 93,875 रुपए लूटकर फरार हो गए।

वारदात मनेरी चौकी क्षेत्र के निवास-बरेला मार्ग स्थित अतुलित पेट्रोल पंप की है। घटना



रात करीब 2:30 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज में एक नकाबपोश युवक सबसे पहले पेट्रोल पंप की दीवार फांदकर अंदर आता है। कुछ देर परिसर में घूमकर वह बाहर मौजूद साथियों को संकेत देता है। इसके बाद स्कॉर्पियो परिसर में घुसती है और बदमाश सीधे कर्मचारियों के पास पहुंच जाते हैं। हथियार दिखाकर वे उन्हें डराते हैं और कैश लेकर भाग जाते हैं।

### एक भागा, दूसरे से नकदी छीनी

पेट्रोल पंप पर उस समय दो कर्मचारी मौजूद थे। हथियार देखकर एक कर्मचारी भाग गया, जबकि दूसरे को बदमाशों ने पकड़ लिया। उसके पास से करीब 9,400 रुपए नकद ले लिए गए। इसके बाद बदमाश ऑफिस में घुसे और दराज में रखे दो पैकेटों से 84,475 रुपए निकाल लिए।

### स्कॉर्पियो में आए थे लुटेरे

पुलिस के मुताबिक बदमाश नीले रंग की स्कॉर्पियो से आए थे। वाहन की आगे की नंबर प्लेट नहीं थी, जबकि पीछे की प्लेट ढंकी हुई थी। सभी बदमाशों ने चेहरे ढंक रखे थे।

## भारतीय संस्कृति की परंपरा के अनुरूप मनाया सावन झूला महोत्सव : स्मिता जायसवाल

सावन माह में झूला झूलकर सुहाग सामग्री वितरण कर कार्यक्रम का हुआ समापन

**नवभारत, वारासिवनी।** प्रगतिशील कलार समाज का सावन झूला महोत्सव समाज की महिलाओं के साथ प्रकृति की हरियाली के बीच और भारतीय संस्कृति की परंपरा के अनुरूप सम्पन्न हुआ। नगर के गांधी बाल



उद्यान मे शाम के समय महिलाओ के आने का सिलसिला लंबे समय तक देखा गया। कलार समाज की संरक्षक श्रीमती स्मिता प्रदीप जायसवाल के स्वागत के साथ साथ महिलाओं ने कार्यक्रम को प्रारंभ करते हुए सर्वप्रथम अपने आराध्य देव सहस्त्रबाहु भगवान जी की पूजा आराधना की। साथ ही श्रीकृष्ण की प्रतिमा को झूला झुलाकर कार्यक्रम की शुरूवात की गयी। पश्चात बालाघाट से आए अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील कलार समाज की अध्यक्ष श्रीमती श्रीति पालेवार व आभार प्रदर्शन हर्षिता शिवहरे, मीना शिवहरे के द्वारा किया गया।

## भारतीय व्यापारी महोत्सव का केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे उद्घाटन

**नवभारत, बालाघाट।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स एवं इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में 12 से 15 अगस्त 2026 तक भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले भारतीय व्यापारी महोत्सव-2026 को देश के सर्वोच्च नेतृत्व का विशेष आशीर्वाद एवं समर्थन प्राप्त हुआ है। माननीय राष्ट्रपति श्रीमती



द्रौपदी मुर्मु एवं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस राष्ट्रीय आयोजन के लिए अपने आधिकारिक शुभकामना संदेश प्रेषित करते हुए भारतीय व्यापार, एमएसएमई, स्टार्टअप, स्वदेशी उद्योग तथा 'वोकल फॉर लोकल', 'मेक इन इंडिया' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को सशक्त बनाने में महोत्सव की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की है।

भारतीय व्यापारी महोत्सव-2026 का भव्य उद्घाटन भारत के केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में सपन्न होगा।

## सैनिक स्कूल की स्थापना का प्रस्ताव बालाघाट सांसद ने रखा

**नवभारत, बालाघाट।** संसद भवन में रक्षा मंत्री से क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य को लेकर की महत्वपूर्ण चर्चा की बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सैन्य प्रशिक्षण, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रसेवा के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बालाघाट-सिवनी में सैनिक स्कूल की स्थापना का प्रस्ताव सांसद श्रीमती भारती पारधी ने माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के समक्ष रखा।

सांसद भारती पारधी ने आज संसद भवन में माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह से भेंट कर सैनिक स्कूल की स्थापना को



लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा इस महत्वपूर्ण विषय पर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। रक्षा मंत्री को बालाघाट/सिवनी लोकसभा क्षेत्र में सैनिक स्कूल की आवश्यकता एवं इसके दूरगामी महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली विद्यार्थी हैं, जिन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनुशासन, नेतृत्व, शारीरिक दक्षता, सैन्य प्रशिक्षण एवं राष्ट्रसेवा की भावना से जुड़ी शिक्षा एवं प्रशिक्षण के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत खैरलांजी में निकली बाइक रैली, विद्यार्थियों ने बनाई मानव श्रृंखला

**नवभारत, खैरलांजी।** स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत वीरांगना रानी अवंतीबाई शासकीय महाविद्यालय, खैरलांजी में विभिन्न देशभक्ति एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन के संयुक्त तत्वावधान में 09 से 17 अगस्त 2026 तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में 10 अगस्त को बाइक रैली एवं मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ हुई बाइक रैली महाविद्यालय के




गोद ग्राम किन्हीं तक पहुंची। रैली में महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हाथों में तिरंगा लेकर विद्यार्थियों ने देशभक्ति नारों के साथ आमजन को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। बाइक रैली के दौरान विद्यार्थियों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' जैसे देशभक्ति नारों से वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। रैली के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्रभक्ति एवं देश के प्रति नागरिकों के कर्तव्यों का संदेश दिया गया।

गोद ग्राम किन्हीं में विद्यार्थियों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। मानव श्रृंखला के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं तिरंगे के सम्मान का संदेश आमजन तक पहुंचाया गया। विद्यार्थियों ने नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने की अपील की।

कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम प्रभारी श्री रोहित कुमार पांडे के मार्गदर्शन में किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री नीरज सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

लापरवाही | ट्राइबल विभाग की अनदेखी से जर्जर हो रहा परसवाड़ा का पुराना सांदीपनि विद्यालय

# दो महीने से खुले आसमान के नीचे करोड़ों की सरकारी संपत्ति

**नवभारत, परसवाड़ा।** सरकारी संपत्तियों के संरक्षण को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाला जनजातीय कार्य विभाग स्वयं अपनी करोड़ों रुपये की परिसंपत्तियों को बचाने में गंभीर नजर नहीं आ रहा है। परसवाड़ा का पुराना सांदीपनि विद्यालय इसका ताजा उदाहरण बन गया है, जहां जून माह में आए आंधी-तूफान में उड़ गए प्राथमिक कक्षाओं के टीन शेड आज भी नहीं लगाए गए हैं। दो माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद विभाग ने क्षतिग्रस्त भवन की मरम्मत तक कराना उचित नहीं समझा, जिससे लाखों रुपये खर्च कर तैयार किए गए कक्ष कुदरत की मार और लापरवाही दोनों का शिकार बन रहे हैं।

जून माह में आए तेज आंधी-तूफान ने पूरे परसवाड़ा क्षेत्र में भारी



नुकसान पहुंचाया था। कई व्यापारियों के शेड उड़ गए, ग्रामीणों के मकानों की छतें क्षतिग्रस्त हुईं, जगह-जगह पेड़ धराशायी हो गए और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इसी दौरान ट्राइबल विभाग के अधीन संचालित पुराने सांदीपनि विद्यालय की प्राथमिक कक्षाओं पर लगे टीन शेड भी उड़ गए। परिसर में खड़ा विशाल आम का पेड़ मंच के समीप बने भवन पर गिर गया, जिसे विभाग ने तत्काल हटवा तो दिया, लेकिन सबसे जरूरी कार्य—उड़ी हुई छतों की मरम्मत—आज तक अधूरा पड़ा है।

विडंबना यह है कि जिन कक्षाओं को लाखों रुपये खर्च कर आधुनिक सुविधाओं से तैयार किया गया था, वे अब बारिश, धूप और उपेक्षा की मार झेल रही हैं। कमरों में लगाए गए ग्रीन बोर्ड, विद्युत बोर्ड, केबल वायरिंग, शिक्षण सामग्री तथा अन्य संसाधन खुले वातावरण में खराब हो रहे हैं। कहीं सामान टूट रहा है तो कहीं असामाजिक तत्व उसे चोरी कर ले जा रहे हैं। करोड़ों की सरकारी संपत्ति धीरे-धीरे कबाड़ में तब्दील होती दिखाई दे रही है।

विद्यालय के नए भवन में स्थानांतरण के बाद पुराने परिसर को खाली कर जनजातीय कार्य विभाग के सुपुर्द कर दिया गया था। शिक्षकों के अनुसार भवन और उसकी देखरेख की पूरी जिम्मेदारी विभाग की है। कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण विभागीय कर्मचारियों के संरक्षण में रखे गए हैं, लेकिन भवन के संरक्षण और रखरखाव को लेकर कोई गंभीर पहल दिखाई नहीं दे रही।

## सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल का सावन मिलन समारोह

भुआ बिछिया में हरियाली तीज पर छाई हरियाली, नृत्य-खेल से बढ़ी रौनक

**नवभारत, भुआ बिछिया।** श्रावण मास के पावन अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल द्वारा रॉयल पैलेस मैरिज गार्डन में सावन मिलन समारोह का आयोजन बड़े हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। हरियाली तीज को ध्यान में रखते हुए पूरा आयोजन हरियाली के रंग में रंगा दिखाई दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता



महिला मंडल की अध्यक्ष संगीता गर्ग ने की। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहने से समाज में एकता और अखंडता बनी रहती है। उन्होंने सभी महिलाओं से समाज को जोड़कर रखने और अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर शशि मिश्रा, सुषमा पांडे, सरिता उपाध्याय, रश्मि दीक्षित, पूर्णिमा मिश्रा, अरुणा तिवारी, लक्ष्मी भट्ट, उषा भट्ट, कविता दुबे, नीता दीक्षित, अंजू शुक्ला, अर्चना पांडे, रानू पांडे, रिया पांडे, स्मृति जोशी, ज्योति द्विवेदी, मीनू भट्ट, शिल्पा भट्ट, आस्था उपाध्याय, अल्का मिश्रा, ममता पांडे, योगिता जोशी, भावना मिश्रा, श्वेता दुबे, उमा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### पारंपरिक वेशभूषा में दिखीं महिलाएं

समारोह में सभी माताएं और बहनें हरी साड़ी, हरी चूड़ी और हाथों में मेहंदी लगाकर शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान नृत्य, रील प्रतियोगिता और विभिन्न पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। खेलों में विजेता रहीं महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी मातृ शक्तियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई और सभी को मेहंदी-चूड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया।